उत्तराखण्ड शासन

उच्च शिक्षा विभाग
उत्तराखण्ड

वर्ष 2012—13
की
कार्यपूर्ति दिग्दर्शिका
तथा
वर्ष 2013—14 का

आय—व्ययक

प्राक्कथन

उत्तराखण्ड में उच्च शिक्षा को सर्वसुलभ एवं बेहतर बनाने की समग्र एवं अनवरत विकास यात्रा में वित्तीय वर्ष 2012–13 में विगत वर्ष के आय व्ययक का कार्य पूर्ति *दिग्दर्शक* प्रस्तुत किया जा रहा है।

राज्य गठन के पश्चात उच्च शिक्षा में पर्याप्त विकास एवं विस्तार हुआ है किन्तु वैश्वीकरण के इस स्पर्धात्मक युग में उच्च शिक्षा भी सुधारों की प्रक्रिया से गुजर रही है, जिसके अन्तर्गत गुणवत्ता सुनिश्चयीकरण के साथ–साथ उच्च शिक्षा की पहुॅंच को विस्तृत करना सर्वोच्च प्राथमिकता बन गयी है। इस दृष्टि से सुव्यवस्था एवं गुणवत्ता के मानकों के अनुसार महाविद्यालयों में आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं की व्यवस्था करना अपरिहार्य हो गया है। फलस्वरूप आगामी वर्षो में संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था के साथ–साथ उनका अनुकूलतम उपयोग भी आवश्यक होगा।

आशा ही नही वरन पूर्ण विश्वास भी है कि वर्ष 2012–13 का कार्यपूर्ति दिग्दर्शक, उच्च शिक्षा निदेशालय की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी कियान्वयन की प्रक्रिया में न केवल प्राविधानित धनराशि के समुचित उपयोग एवं निर्दिष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होगा वरन् समस्त कार्मिकों एवं अन्य हितधारकों की कियाओं को आलोकित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी सिद्ध होगा।

प्रमुख सचिव
उच्च शिक्षा
उत्तराखण्ड शासन

उच्च शिक्षा विभाग की संदृष्टि (VISION)

उत्तराखण्ड को एक आदर्श राज्य के रूप में विकसित करना, जो अपने निवासियों हेतु अत्यन्त उच्च स्तर की शैक्षणिक उपलब्धियों का प्रवर्तन, कला, विज्ञान एवं संस्कृति का संपोषण, प्रत्येक व्यक्ति के व्यक्तित्व के उच्चतम उन्नयन का सुनिश्चयन, प्रत्येक की आवश्यकतानुसार रोजगारपरक कौशलों में समुचित प्रशिक्षण के द्वारा निर्धनता एवं बेरोजगारी का उन्मूलन तथा राज्य के समेकित विकास में उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं शोध केन्द्रों की संवृद्धि और विज्ञान एवं तकनीकी के प्रयोग हेतु एक उचित परिवेश एवं अधःसंरचना का सृजन करे।

उच्च शिक्षा विभाग का ध्येय (MISSION)

- माध्यमिक शिक्षा की प्राप्ति के उपरान्त युवाओं को आवश्यकता एवं मांग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना, उन्हें सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना तथा शोधपरक विकास का प्रवर्तन करना, जिससे वह वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सके।
- पारम्परिक शिक्षा के साथ–साथ पेशेवर एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रम संचालित करना।
- उत्तराखण्ड को ज्ञान के केन्द्र के रूप में विकसित कर एक जागृत व समृद्ध राज्य बनाना।
- कला, संस्कृति एवं विज्ञान का विकास कर युवावर्ग के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना।

उच्च शिक्षा विभाग के उद्देश्य (GOALS)

- 16 वर्ष तक की उम्र के समस्त बालक एवं बालिकाओं को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के संवैधानिक दायित्व के अनुक्रम में गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा को सुनिश्चित करना।
- नवोदित ज्ञान अर्थव्यवस्था के लिये शिक्षित एवं कौशल युक्त प्रशिक्षित मानव संपदा की बढ़ती हुई मांग को पूरा करना।
- राज्य में बेरोजगार युवाओं के लिये रोजगारपरक कौशलों में सुनिश्चित वृद्धि तथा प्रौढ़ एवं रोजगार प्राप्त कार्मिकों के कौशल विकास में अभिवृद्धि हेतु विशिष्ट प्रशिक्षण उपलब्ध कराना।
- गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा एवं शोध हेतु शिक्षण संस्थाओं की स्थापना में निजी विनियोग को आकर्षित करना।

पृष्ठभूमि (BACKGROUND)

विकास एवं प्रगति के लिए ज्ञान एवं कौशल के व्यापक जन संचार के माध्यम से मानव संसाधनों का सशक्तीकरण परम आवश्यक है। शिक्षा, ज्ञान एवं कौशल के द्वारा व्यक्तियों को सक्षम बनाकर उन्हें उत्पादन, रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए योग्य बनाती है। **इस कारण शिक्षा में होने वाला व्यय, विनियोग (Investment) के सदृश समझा जाता है।**

सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक मुद्दों पर मानवीय संवेदनाओं को जागृत कर मानवता को प्रबोधित कर व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का अवसर उपलब्ध कराने वाली उच्च शिक्षा, वैश्वीकरण एवं उदारीकरण से ओत–प्रोत वर्तमान तीव्र परिवर्तनशील परिवेश में नवीन अवसरों एवं चुनौतियों (Opportunities and Challenges) के ऐसे दौर से गुजर रही है, जिसमें एक ओर उच्च शिक्षा के प्रति बढ़ती जनचेतनाओं एवं आकांक्षाओं से वर्तमान संरचना पर बढ़ते दबाव का सामना करना है, तो वही दूसरी ओर अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा एवं गुणवत्ता के विश्वव्यापी वातावरण में ज्ञान के सृजन के द्वारा प्रतिस्पर्धात्मक लाभ एवं क्षमताऐं अर्जित करने के अवसरों को प्राप्त करना भी आवश्यक हो गया है। विगत पंचवर्षीय योजनाओं में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है किन्तु साथ ही उच्च शिक्षा की सम्पूर्ण व्यवस्था उच्च शिक्षा की पहुॅच (Access), समता (Equity), प्रासंगिकता (Relevance), सुशासन (Good Governance) जैसे तत्वों पर ध्यान केन्द्रित करने पर जोर दे रही है।

उत्तराखण्ड को ज्ञान प्रदेश (Knowledge State) के रूप में प्रतिष्ठित करने की संदृष्टि को साकार करने के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों की बहुआयामी भूमिका मुख्यतः निम्नांकित क्षेत्रों में प्रमुख हो गयी है :–

- नवीन ज्ञान का सृजन।
- दक्षताओं एवं नवीन क्षमताओं का अर्जन।
- प्रभावशाली अध्यापन, शोध एवं प्रसार गतिविधियों के माध्यम से प्रबुद्ध मानवीय सम्पदा के व्यापक समूह को तैयार करना।

उत्तराखण्ड में उच्च शिक्षा : उद्भव एवं विकास

उच्च शिक्षा के प्रति उत्तराखण्ड के निवासियों का प्रारम्भ से ही रूझान रहा है, जिसकी पुष्टि उत्तराखण्डवासियों द्वारा देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति, नौकरशाही, सेना, विज्ञान एवं तकनीकी, जनसंचार, शोध इत्यादि क्षेत्रों में गरिमामय उपस्थिति एवं योगदान में प्रतिबिम्बित होती है। प्रदेश में ही उच्च शिक्षा के महत्वपूर्ण क्षेत्रों– सामान्य शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कृषि एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा इत्यादि में महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों की स्थापना स्वातन्त्रयोत्तर काल में हुई, किन्तु उच्च शिक्षा का वास्तविक प्रसार सत्तर के दशक से प्रारम्भ हुआ, जब असेवित एवं दूर दराज के क्षेत्रों में महाविद्यालयों की स्थापना बड़े पैमाने पर हुई ताकि कमजोर आर्थिक स्थिति एवं विषम भौगोलिक परिस्थितियों में उच्च शिक्षा के अवसरों की पहुॅच सामान्य जनता तक सुलभ बनाई जा सके। राज्य गठन से पूर्व महाविद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी थी तथा उच्च शिक्षा की वर्तमान संरचना राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न नवीन चुनौतियों एवं अवसरों के साथ समायोजन करने में असमर्थ थी। राज्य गठन के पश्चात शासन द्वारा उच्च शिक्षा के प्रसार तथा गुणवत्ता के सुनिश्चयीकरण हेतु बजट में निरन्तर वृद्धि की गई तथा उच्च शिक्षा में सूचना एवं संचार तकनीकी तथा नवोन्मेषों का उपयोग प्रारम्भ हुआ।

प्रदेश में उच्च शिक्षा के विकास एवं प्रगति को निम्नांकित 3 भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है:—

उत्तराखण्ड में उच्च शिक्षा की प्रगति

(क) प्रवर्तन एवं प्रारम्भिक विकास की अवस्था : (1970 से पूर्व)

- डी0ए0वी0 अशासकीय महाविद्यालय की स्थापना (1946)
- रूड़की इंजीनियरिंग महाविद्यालय की स्थापना (1949)
- प्रथम शासकीय महाविद्यालय के रूप में डी0एस0बी0 महाविद्यालय, नैनीताल की स्थापना (1951)
- अल्मोड़ा कालेज अल्मोड़ा की स्थापना (1954)
- एम0के0पी0 कालेज देहरादून की स्थापना (1958)
- पं0 गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पन्तनगर की स्थापना (1960)

(ख) प्रसार एवं समृद्धि की अवस्था : (राज्य गठन से पूर्व)

- सत्तर के दशक में 15, अस्सी के दशक में 05 तथा नब्बे के दशक में 09 शासकीय महाविद्यालयों की स्थापना, तथा 03 अशासकीय महाविद्यालयों – हल्द्वानी, अल्मोड़ा एवं काशीपुर के प्रान्तीयकरण से शासकीय महाविद्यालयों की संख्या 34 हुई।
- संयुक्त निदेशक (उच्च शिक्षा), उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश) के कार्यालय की हल्द्वानी में स्थापना (1996)
- कुमायूँ, गढ़वाल तथा दो डीम्ड विश्वविद्यालयों (गुरूकुल कांगड़ी व एफ0आर0 आई0) की स्थापना

(ग) तीव्र प्रसार, सम्वृद्धि तथा गुणवत्ता सुनिश्चयीकरण के प्रति चेतना की अवस्था : (राज्य गठन के पश्चात)

- उच्च शिक्षा के संवर्द्धन, आधुनिकीकरण, विकास एवं सुदृढ़ीकरण हेतु उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड की हल्द्वानी में स्थापना (2001)
- शासन स्तर पर समन्वयकारी भूमिका के निर्वहन एवं अशासकीय महाविद्यालयों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु देहरादून में उच्च शिक्षा निदेशक (शिविर कार्यालय) की 2001 में स्थापना।
- स्ववित्त पोषित महाविद्यालय देवप्रयाग का प्रान्तीयकरण तथा चन्द्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय, काशीपुर अनुदान सूची में सम्मिलित। वर्ष 2001–02 में 15, 2003–04 में 01, 2004–05 में 02 तथा 2005–06 में 02 राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना।
- वर्ष 2006–07 में 10, वर्ष 2008–09 में 02, वर्ष 2009–10 में 02, एवं वर्ष 2010–11 में 01, नये राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना।

उत्तराखण्ड में स्थापित विभिन्न विश्वविद्यालय व राष्ट्रीय महत्व के संस्थान :

(अ) केन्द्रीय विश्वविद्यालयः

क0सं0	विश्वविद्यालय	स्थापना वर्ष
1	हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर (गढ़वाल)।	1973 (15 जनवरी, 2009 से केन्द्रीय वि0वि0)

(ब) राज्य विश्वविद्यालय :

क0सं0	विश्वविद्यालय	स्थापना वर्ष
1	गोबिन्द बल्लभ पन्त कृषि एंव प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पन्तनगर (ऊधमसिंह नगर)	1960
2	कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।	1973
3	उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार।	2005
4	उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल)।	2005
5	दून विश्वविद्यालय, देहरादून।	2005
6	उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून।	2005
7	श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय चम्बा (टिहरी)	2011
8	उत्तराखण्ड राष्ट्रीय विधि वि0वि0 भवाली, नैनीताल	2011
9	उत्तराखण्ड औद्योनिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भरसार (पौड़ी)	2011
10	उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून	2011

(स) निजी विश्वविद्यालय :

क0सं0	विश्वविद्यालय	स्थापना वर्ष
1	देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शान्तिकुंज, हरिद्वार।	2002
2	पेट्रोलियम एंव ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय, देहरादून।	2003
3	हिमगिरि नभ विश्वविद्यालय, देहरादून।	2003
4	इक्फाई विश्वविद्यालय, देहरादून।	2003
5	पतन्जली विश्वविद्यालय, हरिद्वार।	2007
6	उत्तराखण्ड ग्राफिक एरा पर्वतीय वि0वि0 देहरादून।	2011

(द) डीम्ड विश्वविद्यालय :

क0सं0	विश्वविद्यालय	स्थापना वर्ष
1	गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय, हरिद्वार।	1902
2	वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून।	1991
3	हिमालयन इंस्टीट्यूट, देहरादून।	2007
4	ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय, देहरादून	2008

(य) राष्ट्रीय महत्व के संस्थान

क0सं0	संस्थान	स्थापना वर्ष
1	आई0आई0टी0 रुड़की	2001
2	भारतीय प्रबन्धन संस्थान काशीपुर (उधमसिह नगर)	2011
3	राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान श्रीनगर (पौड़ी)	2011

उच्च शिक्षा विभाग के अर्न्तगत केवल चार राज्य विश्वविद्यालय (कुमायूँ, मुक्त, दून तथा श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय) संचालित हैं तथा पॉच निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए आशय पत्र निर्गत किये जा चुके हैं।

उत्तराखण्ड राज्य गठन के पश्चात विभाग की वर्षवार उपलब्धियॉ

2001—2002

- प्रदेश का सर्वप्रथम शासकीय विधि महाविद्यालय, गोपेश्वर में स्थापित किये जाने का निर्णय।
- प्रदेश के अशासकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग का प्रान्तीयकरण।
- शिक्षकों एवं प्राचार्यो के 12 तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के 17 पदों का सृजन।
- शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा में नांमाकन 76590 जिसमें 38269 छात्रायें सम्मिलित।
- प्रदेश के दूर—दराज के असेवित क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की पहुँच सुलभ कराने के लिये 33 नये महाविद्यालय स्थापित।
- उच्च शिक्षा पर योजनागत एवं गैर योजनागत वास्तविक व्यय रू0 3490.13 लाख।

2002—2003

- शिक्षकों एवं प्राचार्यो के 08 तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के 13 पदों का सृजन।
- उच्च शिक्षा में नामांकित विधार्थियों की संख्या 82426 जिसमें 43157 छात्रायें सम्मिलित।
- उच्च शिक्षा पर योजनागत एवं गैर योजनागत वास्तविक व्यय रू0 4117.64 लाख।

2003—2004

- वर्ष 2001—02 में स्थापित 15 महाविद्यालयों में प्राचार्यों एवं शिक्षकों के 106 तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के 124 पदों का सृजन।
- उच्च शिक्षा में नांमाकित विधार्थियों की संख्या 83781, जिसमें 44722 छात्रायें सम्मिलित।
- प्रत्येक जनपद में एक महाविद्यालय को आदर्श महाविद्यालय के रूप में विकसित किये जाने की योजना प्रारम्भ। पिथौरागढ़, गोपेश्वर एवं ऋषिकेश महाविद्यालय आदर्श महाविद्यालय के रूप में विकसित किये जाने हेतु चयनित। इन महाविद्यालयों में उच्च स्तरीय प्रयोगशालाओं शिक्षण कक्षों जिमनेजियम, छात्रावास, पुस्तकों एवं फर्नीचर तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों हेतु अनुदान स्वीकृत।
- नैक द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय गुणवत्ता संवर्द्धन कार्यशाला आयोजित।
- शिखर परियोजना के अन्तर्गत 500 से अधिक छात्र संख्या वाले महाविद्यालयों में शिक्षा प्रदाताओं द्वारा तथा 500 से कम छात्र संख्या वाले महाविद्यालयों में शासन द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना प्रारम्भ।
- बेरीनाग, लोहाघाट, खटीमा एवं द्वाराहाट महाविद्यालयों का स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के रूप में उच्चीकरण।
- उच्च शिक्षा पर योजनागत एवं गैर योजनागत वास्तविक व्यय 5563.18 लाख रू0 किया गया।
- उच्च शिक्षा में 14 महाविद्यालयों में परम्परागत विषयों के साथ—साथ इको—टूरिज्म फार्मेसी, नर्सरी टैक्नोलॉजी और आर्चड प्रबन्धन, फिश टैक्नोलॉजी, पर्यटन एवं यात्रा प्रबन्ध इनटीरियर डैकोरेशन, मैडिकल लैब टैक्नोलॉजी, बायो टैक्नोलॉजी, पी0जी0डी0पी0, फारेस्ट्री एवं वाइल्ड लाइफ, प्रारम्भिक शिशु देखभाल एवं पोषण प्रबन्धन रोजगारपरक व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारम्भ।

2004—2005

- चकराता एवं टनकपुर में नवीन महाविद्यालयों की स्थापना।
- शिक्षकों एवं प्राचार्यो के 70 तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के 64 पदों का सृजन।
- उच्च शिक्षा में नांमाकित विधार्थियों की संख्या 88857, जिसमें 42784 छात्र एवं 46073 छात्रायें सम्मिलित।
- 13 शासकीय एवं 07 अशासकीय महाविद्यालयों का राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा मूल्यांकन।
- उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के उन्नयन हेतु ''नैक'' प्रायोजित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित तथा शोध पत्रिका ''एकेडमिका'' का प्रथम अधिवेशन सम्पन्न।
- मानिला, कर्णप्रयाग, तलवाड़ी, नई टिहरी, चम्पावत, डाकपत्थर, हल्द्वानी (महिला) तथा देवप्रयाग महाविद्यालयों को यू0जी0सी0 की धारा 2(एफ)/12(बी) के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त। 27 महाविद्यालय यू0जी0सी0 की धारा 2(एफ)/12(बी) मान्यता से आच्छादित।
- रानीखेत, उत्तरकाशी एवं हल्द्वानी महाविद्यालय आदर्श महाविद्यालय के रूप में विकसित किये जाने हेतु चयनित। इन महाविद्यालयों में उच्च स्तरीय प्रयोगशालाओं, शिक्षण कक्षों, जिमनेजियम एवं छात्रावास पुस्तकों एवं फर्नीचर तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों हेतु अनुदान स्वीकृत।
- उच्च शिक्षा पर योजनागत एवं गैर योजनागत वास्तविक व्यय रू0 5609.03 लाख।
- उच्च शिक्षा निदेशालय में कम्पयूटर अनुप्रयोग :— 15 कम्प्यूटर, 01 सर्वर, 01 वी—सैट।

2005—2006.

- चौखुटा—दोषापानी (नैनीताल), एवं कपकोट (बागेश्वर) में दो नये महाविद्यालय स्थापित।
- शिक्षकों एवं प्राचार्यो के 33 तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के 27 पदों का सृजन।
- उच्च शिक्षा में नांमाकित विधार्थियों की संख्या 112012 जिसमें 52894 छात्रायें सम्मिलित।
- शासकीय महाविद्यालयों में 159 पदों पर लोक सेवा आयोग से चयनित प्राध्यापकों की तैनाती।
- प्रशिक्षण कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालयों के 61 शिक्षक ए0टी0आई0 नैनीताल में तथा 159 प्राध्यापकों ने आ0सी0एफ0ए0आई0 देहरादून में प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- 08 महाविद्यालयों के पुस्तकालय कर्मियों को लाईब्रेरी साफ्टवेयर में प्रशिक्षण।
- उत्तरकाशी एवं पिथौरागढ़ महाविद्यालयों में सिस्कों एकेडमी स्थापित एवं उत्तरकाशी में सी0सी0एन0ए0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ।
- लोहाघाट, रूद्रपुर एवं कोटद्वार महाविद्यालय आदर्श महाविद्यालय के रूप में विकसित किये जाने हेतु चयनित। इन महाविद्यालयों में उच्च स्तरीय प्रयोगशालाओं, शिक्षण कक्षों, जिमनेजियम एवं छात्रावास पुस्तकों एवं फर्नीचर तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों हेतु अनुदान स्वीकृत।
- उच्च शिक्षा में 10 महाविद्यालयों में परम्परागत विषयों के साथ—साथ इको—टूरिज्म फार्मेसी, नर्सरी टैक्नोलॉजी, फिश टैक्नोलॉजी, पर्यटन एवं यात्रा प्रबन्ध, इनटीरियर डैकोरेशन, मैडिकल लैब टैक्नोलॉजी, बायो टैक्नोलॉजी आदि रोजगारपरक व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारम्भ।
- शोध सोसायटी एकेडमिका का द्वितीय अधिवेशन ऋषिकेश महाविद्यालय में सम्पन्न।
- उच्च शिक्षा पर योजनागत एवं गैर योजनागत वास्तविक व्यय 6006.27 लाख रू0 किया गया।

2006–2007

- सोमेश्वर, गुरूड़ाबांज, भिक्यासैंण, कॉडा, नैनीडांडा, त्यूनी, नरेन्द्रनगर, कोटाबाग, सतपुली व रूद्रप्रयाग में चालू सत्र में 10 महाविद्यालय स्थापित।
- शिक्षकों एवं प्राचार्यो के 147 तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के 76 पदों का सृजन।
- बागेश्वर, नई टिहरी, अगस्त्यमुनि के शासकीय महाविद्यालयों तथा हरिद्वार के चिन्मय अशासकीय महाविद्यालय का आदर्श महाविद्यालय के रूप में विकसित किये जाने हेतु चयनित।
- निदेशालय में गठित गुणवत्ता सुनिश्चियीकरण प्रकोष्ठ द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिसमें 34 महाविद्यालयों के प्राचार्यो/समन्वयकों के द्वारा प्रतिभाग।
- बागेश्वर एवं गोपेश्वर महाविद्यालय, का ''नैक'' से प्रत्यायन सम्पन्न।
- 51 महाविद्यालयों को एजुकेशन सैटेलाईट के माध्यम से अध्यापन हेतु एडूसैट सिस्टम उपलब्ध।
- महाविद्यालयों के दो अधिकारियों को ई–गर्वनेन्स में प्रशिक्षण प्रदत्त।
- महाविद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिये जिला स्तर पर संविदा के आधार पर 147 शिक्षक चयन।
- शिखर परियोजना के अन्तर्गत 49 शासकीय एवं 14 अशासकीय महाविद्यालयों में O Level कम्प्यूटर प्रशिक्षण संचालित।
- उच्च शिक्षा पर योजनागत एवं गैर योजनागत प्राविधानित वास्तविक व्यय रू0 8429.79 लाख।
- राज्य गठन के समय 17 महाविद्यालयों के निजी भवन के सापेक्ष 35 महाविद्यालयों के भवन लगभग पूर्ण तथा 15 महाविद्यालयों के भवन निर्माणाधीन, जिनमें 13 भवन रहित महाविद्यालयों के भवनों का निर्माण भी सम्मिलित है। आलोच्य वर्ष में 02 परियोजनाओं के अन्तर्गत निर्माण कार्य सम्पन्न।
- लोक सूचना अधिकारियों/प्राचार्यों को सूचना अधिकार अधिनियम के सम्बन्ध में प्रशिक्षण आयोजित।
- 12 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयों को बायोटैक्नोलौजी हेतु राज्य बायोटैक्नोलौजी कार्यक्रम के अन्तर्गत पुस्तकों के क्रय के लिए वित्तीय सहायता प्रस्तावित।
- ऋषिकेश, उत्तरकाशी, एम0बी0 हल्द्वानी तथा पिथौरागढ़ महाविद्यालयों मे ंटिश्यू कल्चर प्रयोगशाला की स्थापना।

2007–2008

- महाविद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिये जिला स्तर पर संविदा के आधार पर 147 विजिटिंग शिक्षक एवं 144 संविदा शिक्षक आमंत्रित।
- उच्च शिक्षा निदेशालय की 0.998 हेक्टेयर भूमि हस्तान्तरित तथा निदेशालय के आवासीय/अनावासीय भवन निर्माण हेतु 10 करोड़ रूपये का आगणन शासन को प्रेषित।
- शिक्षकों के चयन वेतनमान तथा रीडर पदनाम इत्यादि के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण।
- स्ववित्त पोषित अशासकीय उच्च शिक्षण संस्थानों की भॉति 18 शासकीय महाविद्यालयों में भी 2700 सीटों पर स्ववित्त पोषित आधार पर बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालन हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया ।
- महाविद्यालयों के दो अधिकारियों द्वारा जैण्डर वजटिंग में प्रतिभाग तथा आलोच्य वर्ष में अनेक अधिकारियों को कम्प्यूटर संचालन इत्यादि क्षेत्रों में प्रशिक्षण।

- समस्त लोक सूचना अधिकारियों/प्राचार्यों द्वारा दो चरणों में सूचना का अधिकार अधिनियम पर उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल के तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभाग।

2008–2009

- उच्च शिक्षा की जनसामान्य तक पहुॅच को सुनिश्चित करने हेतु राजकीय महाविद्यालय, रिखणीखाल (पौढी गढवाल) एवं राजकीय महाविद्यालय, थत्यूड (टिहरी गढवाल) की स्थापना की गई। प्रदेश में कुल राजकीय महाविद्यालयों की संख्या 67 हो चुकी है।
- थत्यूड़, रिखणीखाल, एवं नैनीडांडा के राजकीय महाविद्यालयों में प्राचार्य (03), प्रवक्ता (31) एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी (46) के पदों की स्वीकृति हुई तथा डाकपत्थर में प्रवक्ता के (2) एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के (2) पदों की स्वीकृति हुई।
- प्रदेश के 15 शासकीय महाविद्यालयों में स्व–वित्त पोषित बी0एड0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ।
- प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों के 623 रिक्त पदों के प्रति वैकल्पिक व्यवस्थान्तर्गत शिक्षण कार्य हेतु 453 विजिटिंग प्रवक्ता तथा संविदा शिक्षकों की व्यवस्था।
- निदेशालय का ढॉचा पुनर्गठित करते हुए 20 अतिरिक्त पदों का सृजन एवं समायोजन के उपरान्त कुल पदों की संख्या 45 के स्थान पर 65 हो गयी है।
- दूरस्थ शिक्षा परिषद नई दिल्ली की **''कर्न्वजेंस''** योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड के 09 शासकीय तथा 02 अशासकीय महाविद्यालय सहयोगी संस्था के रूप में आच्छादित।
- 12 शासकीय महाविद्यालयों के पुस्तकालयों को राज्य बायोटैक्नोलोजी कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की गई।
- शासकीय महाविद्यालय जैंती यू0जी0सी0 की धारा 2 (एफ) एवं 12 (बी0) के अन्तर्गत सहायता सूची में सम्मिलित।
- राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऋषिकेश को स्वायत्त महाविद्यालय बनाये जाने के सम्बन्ध में यू0जी0सी0 की स्वीकृति।
- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 2007–08 में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक स्वयं सेवी व एक जिला समन्वयक को देश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त।
- हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा ।
- दून विश्वविद्यालय में भवन के कार्यों को गति प्रदान तथा प्रो0 गिरिजेश पंत द्वारा विश्वविद्यालय के नये कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण ।
- दून एवं उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की परिनियमावली प्रख्यापित।

2009–2010

- प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में प्रथम चरण में स्नातकोत्तर प्राचार्यों के 15 रिक्त पदों तथा स्नातक प्राचार्य के 42 रिक्त पदों को विभागीय पदोन्नति के माध्यम से पूरित किया गया। द्वितीय चरण में 01 स्नातक प्राचार्य को संयुक्त निदेशक पद पर तथा 10 शिक्षकों को उप निदेशक/स्नातक प्राचार्य पद पर प्रोन्नत किया गया।
- लोक सेवा आयोग के माध्यम से विभिन्न विषयों में चयनित 41 शिक्षकों को प्रदेश के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में नियुक्ति प्रदान की गई है।
- वर्ष 2008–09 में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 15 राजकीय महाविद्यालयों में बी0एड0 कक्षाओं का संचालन ।
- महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य के सुचारू संचालन हेतु 386 विजिटिंग/संविदा प्रवक्ताओं को शिक्षण सत्र 2009–10 में आमंत्रित किया गया।

- बालगंगा महाविद्यालय सेन्दुल केमर (टिहरी गढवाल) को अनुदान सूची में सम्मिलित करते हुए इस महाविद्यालय में कुल 23 पदों का सृजन किया है।
- कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिखर प्रोजेक्ट की व्यवस्था 2009–10 वर्ष में भी 44 महाविद्यालयों में पूर्ववत संचालित रही।
- 01.01.2006 से पुनरीक्षित वेतनमान का लाभ उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षणेत्तर कार्मिकों को अनुमन्य कराया जा चुका है तथा शिक्षकों को यू0जी0सी0 वेतनमान अनुमन्य कराये जाने हेतु शासनादेश निर्गत किया जा चुका है।
- प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयो में कार्यरत संविदा शिक्षकों को न्यूनतम रू0 8000/– एवं अधिकतम रू0 10000/– मानदेय को बढ़ाकर विजिटिंग प्रवक्ताओं के समान रू0 15000/– मासिक मानदेय अनुमन्य कराया गया ।
- चम्पावत के राजकीय महाविद्यालय में प्रवक्ताओं के 06 एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के 09 पदों की स्वीकृति हुई, इसके अतिरिक्त राज0 महाविद्यालय गरूड़, नरेन्द्र नगर, काण्डा, भिकियासैंण, गुप्तकाशी एवं गरूड़ाबॉज में प्राचार्य के (06), प्रवक्ताओं के (25) एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के (54) पदों की स्वीकृति हुई ।
- थलीसैंण के राजकीय महाविद्यालय हेतु 5.0 हे0 वन भूमि का हस्तान्तरण किया गया।
- विभिन्न महाविद्यालयों के भवन निर्माण इत्यादि की 30 योजनायें, निर्माण के विभिन्न चरणों में संचालित हैं।
- उच्च शिक्षा में ई–लर्निंग तकनीकी के प्रयोग हेतु विचार मन्थन।
- प्रदेश के समस्त शासकीय स्नातक/स्नातकोत्तर महाविद्यालयों, सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों एवं निजी स्ववित्त पोषित बी0एड0 व अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के संचालन में मानको का कड़ाई से अनुपालन करवाने एवं उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखने हेतु शासन द्वारा चार जांच दलों का गठन करके महाविद्यालयों एवं संस्थानों का प्रदेश व्यापी सघन निरीक्षण/अनुश्रवण कराया गया ।

2010–2011

- वर्ष 2010–11 में निदेशक एवं सयुक्त निदेशक (उच्च शिक्षा) के रिक्त पदों को पदोन्नति के माध्यम से पूरित किये जाने के साथ साथ प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में प्रशासनिक एवं शिक्षण कार्यो के कुशल संचालन हेतु 04 स्नातक प्राचार्यो को स्नातकोत्तर प्राचार्य के रिक्त पदों तथा 05 वरिष्ठ प्रवक्ताओं को स्नातक स्तर के प्राचार्य के रिक्त पदो के प्रति प्रोन्नति प्रदान की गयी।
- नव स्थापित राजकीय महाविद्यालय, माजरा महादेव तहसील थलीसैण(पौड़ी) को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान किये जाने के फलस्वरूप प्रदेश में राजकीय महाविद्यालयों की संख्या वढ कर 70 हो गयी है। इसी क्रम में स्नातक कला संकाय के अन्तर्गत 06 विषयों के साथ राजकीय महाविद्यालय, कनालीछीना (पिथौरागढ) को अनुमति (क्लियरैन्स) प्रदान की गई ।
- प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में स्व–वित्त पोषित बी0 एड0 पाठ्यक्रम संचालित किये जाने के क्रम में राजकीय महाविद्यालय लोहाघाट एवं उत्तर काशी को अनुमति प्राप्त होने से बी0 एड कालेजों की संख्या 15 से बढ कर 17 हो गयी है।
- वर्ष 2010 में स्व0 वित्त पोषित बी0 एड0 पाठ्यक्रम सुचारू रूप से संचालित किये जाने के सम्बन्ध में निदेशालय स्तर से विभागाध्यक्ष/फैकल्टी के रिक्त पदों को पूरित किया गया ।

- प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न विषयों में रिक्त प्रवक्ताओं के पदो की आपूर्ति हेतु निदेशालय स्तर पर साक्षात्कार के माध्यम से 344 रिक्त पदो के सापेक्ष 252 संविदा प्रवक्ताओं का चयन कर उन्हें प्रदेश के सुदूरवर्ती पर्वतीय महाविद्यालयों में तैनाती दी गयी। प्रदेश शासन द्वारा लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित 05 प्रवक्ताओं को राजकीय महाविद्यालयों में सुचारू रूप से पठन–पाठन संचालित किये जाने हेतु पर्वतीय क्षेत्र के महाविद्यालयों में नियुक्ति प्रदान की गयी । प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में रिक्त पदों को पूरित किये जाने हेतु NET अर्हताधारी अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में न मिलने के कारण शासन द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा (SET) आयोजित करने हेतु शासनादेश निर्गत कर SET परीक्षा को सम्पन्न कराने का दायित्व कुमायूँ विश्वविद्यालय नैनीताल को दिया गया है।
- प्रदेश के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कार्यो के कुशल संचालन हेतु महाविद्यालयों की मांग के अनुरूप 01 प्राचार्य, 88 प्रवक्ता एवं 100 शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पदों का सृजन किया गया।

- दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के तहत एडूसेट के माध्यम से संचालित किये जाने हेतु शासन द्वारा उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र देहरादून के सहयोग से प्रदेश में 25 राजकीय महाविद्यालयों में एडूसैट कार्य क्रम के क्रियान्वयन किये जाने की प्रक्रिया गतिमान है, जिसके प्रथम चरण में कुमायूँ मण्डल के 12 तथा गढवाल मण्डल के 13 महाविद्यालय लाभान्वित हुए।

- प्रदेश शासन द्वारा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऋषिकेश को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सहयोग से उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के उदेश्य से वर्ष 2010–11 से वर्ष 2013–14 तक स्वायत्तशासी सस्था के रूप में स्वीकृति प्रदान की गयी है।

- UGC की संस्था NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) बंगलोर द्वारा राजकीय महाविद्यालय मानिला (अल्मोड़ा) एवं राजकीय महिला महाविद्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल) का मूल्याकन किया गया हैं।
- राजकीय महाविद्यालय कपकोट (बागेश्वर) राजकीय महाविद्यालय चौखुटिया (अल्ल्मोड़ा) हेतु वन भूमि हस्तान्तरण की प्रक्रिया अन्तिम चरण में गतिमान है। दोनों महाविद्यालयों हेतु चयनित वन भूमि की N.P.V जमा हैं।
- प्रदेश शासन द्वारा कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अर्न्तगत विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत प्रवक्ताओं में से 18 प्रवक्ताओं को वरिष्ठ वेतनमान एवं 99 प्रवक्ताओं को चयन वेतनामान स्वीकृत किया गया है।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम के अर्न्तगत उत्तराखण्ड प्रशासनिक एकादमी, नैनीताल द्वारा प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में कार्यरत प्राचार्यो एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों को 25–25 के 07 वैचों में 06 दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया गया।

- प्रदेश के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में नये प्रोन्नत 40 प्राचार्यो को उत्तराखण्ड प्रशासनिक एकादमी नैनीताल में वित्तीय एवं प्रबन्धकीय प्रशिक्षण 20–20 के 02 बैंचों में दिया गया। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न राजकीय महाविद्यलयों के लेखा से सम्बन्धित लिपिक वर्गीय कर्मचारियों को 30–30 के 02 बैचों में माह दिसम्बर 2010 एवं फरवरी 2011 में वित्तीय प्रशिक्षण दिये जाने की प्रक्रिया गतिमान है।

- उत्तराखण्ड सूचना आयोग द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की सातवी वर्षगॉठ पर 12 अक्टूवर 2010 को उच्च शिक्षा निदेशालय को उसके द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम के अर्न्तगत **उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।**

- राजकीय महाविद्यालय डोईवाल (देहरादून), स्याल्दे एवं मानिला (अल्मोड़ा) में स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में पठन– पाठन प्रारम्भ किया गया।

- एम0 बी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल) में स्व–वित्त पोषित आधार पर स्नातकोत्तर स्तर पर जैव प्रौद्योगिकी पाठ्क्रम प्रारम्भ किया गया।

- शासकीय महाविद्यालयों में 07 स्नातकोत्तर एवं 16 स्नातक प्राचार्यों के पदों पर प्रोन्नति।

2011–2012

- शासकीय महाविद्यालयों में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के 131 पदों का सृजन।
- प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में प्रशासनिक, शैक्षणिक, शोध, स्वरोजगारपरक शिक्षा, संसाधन में वृद्धि, नवीन विषयों को प्रारम्भ करने के आलोक में दिनांक 26 एवं 27 दिसम्बर, 2011 को दून विश्वविद्यालय, देहरादून में प्रदेश के प्राचार्यों की बैठक का आयोजन।
- 4 निजी विश्वविद्यालयों को एल0ओ0आई0 निर्गत।
- समूह ''ग'' सेवानियमावली का प्रख्यापन।
- प्रवक्ताओं के 272 पदों का अधियाचन।
- निजी विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए नीति का प्रख्यापन।
- एकेडेमिका सम्मेलन 14 से 15 एवं 16 मार्च, 2012 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोपेश्वर में आयोजित।
- एडुसैट से व्याख्यानों का प्रसारण प्रारम्भ।
- स्नातक व स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में प्राचार्यों की प्रोन्नति।

2012–2013

- राजकीय महाविद्यालयों में प्रवक्ता पद के चयन के लिए उच्चतर शिक्षा आयोग की स्थापना।
- राज्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्राध्यापकों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष।
- उच्च शिक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचनाओं व शासनादेशों को संकलित कर ''उच्च शिक्षा संदर्शिका'' का प्रकाशन।
- राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा कराये जा रहे अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण का कार्य सम्पन्न।
- विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर की अर्हता हेतु 'सेट' परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन।
- प्रदेश में पॉच निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना हेतु आशय पत्र का निर्गमन।
- सितारगंज में राजकीय महाविद्यालय का शिलान्यास।
- प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में उद्यमिता प्रशिक्षण, गुणात्मक उच्च शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन इत्यादि विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन।
- राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 535 संविदा प्रवक्ताओं को आमंत्रण।
- राजकीय महाविद्यालयों में स्ववित्त पोषित बी0एड0 पाठ्यक्रम के लिए 30 प्रवक्ताओं व 6 विभागाध्यक्षों का चयन।
- तीन राजकीय महाविद्यालयों को यू0जी0सी0 की मान्यता प्राप्त होने पर प्रदेश में यू0जी0सी की मान्यता प्राप्त कुल राजकीय महाविद्यालयों की संख्या 36।

प्रदेश में उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति एवं नवीन प्रवृत्तियां
महाविद्यालयों की स्थापना एवं विकास

सम्प्रति, प्रदेश में उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए कुल 24 विश्वविद्यालय परिसर तथा 389 महाविद्यालय व शिक्षण संस्थान उपलब्ध हैं। 10वीं एवं 11वीं पंचवर्षीय योजना में असेवित क्षेत्रों में तेजी के साथ महाविद्यालयों की स्थापना हुई है तथा राज्य में महाविद्यालयों में प्रवेशार्थी लक्ष्य समूह 17 – 24 आयु वर्ग की जनसंख्या (1268478) के आधार पर 11225 की जनसंख्या पर एक महाविद्यालय उपलब्ध है। इस आयु वर्ग में नामांकित विद्यार्थियों का अनुपात, जिसे सकल नामांकन अनुपात अथवा जी0ई0आर0 भी कहा जाता है, वर्तमान में 14.17 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। (जी0ई0आर0 प्रदेश में 17–24 आयु वर्ग की कुल जनसंख्या (2001) –1268478 के प्रतिशत के रूप में प्रदेश में सामान्य उच्च शिक्षा में वि0वि0 परिसरों सहित नामांकित छात्र संख्या – 1,79,756 का अनुपात है) तालिका सं0 – 01 से स्पष्ट है कि हाल के वर्षों में राज्य में महाविद्यालयों के सन्तुलित क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता दी गयी है। फलस्वरूप राज्य में जनपदवार महाविद्यालयों का औसत लगभग 8.69 हो गया है । यह उल्लेखनीय है कि मैदानी भौगोलिक पृष्ठभूमि के जनपदों में अशासकीय महाविद्यालयों के अपेक्षाकृत अधिक संकेन्द्रण को ध्यान में रखते हुए पर्वतीय क्षेत्रों में विशेष रूप से अधिकांशतः असेवित क्षेत्रों में शासकीय महाविद्यालयों की स्थापना को प्राथमिकता प्रदान की गयी है। तालिका संख्या–02 से स्पष्ट है कि कुल 70 शासकीय महाविद्यालयों में से 56 (80.%) पर्वतीय क्षेत्रों में अवस्थित 11 जनपदों में स्थापित हैं जबकि 38 अशासकीय महाविद्यालयों में 33 (87%) मैदानी भौगोलिक पृष्ठभूमि के 03 जनपदों में स्थापित हैं। यही नही, उच्च शिक्षा के विविधीकरण एवं विशिष्टीकरण (Diversification & Specialisation) दोनों ही दिशाओं में प्रयास किये गये हैं। बालिकाओं को उच्च शिक्षा में प्रोत्साहित करने हेतु पृथक महिला महाविद्यालय, हल्द्वानी में स्थापित है जबकि अन्य समस्त सह शिक्षा महाविद्यालयों में भी उन्हें शिक्षण शुल्क में शतप्रतिशत छूट प्रदान की गयी है।

उत्तराखण्ड में भौगोलिक दुरूहता एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की स्थानीय कठिनाईयों के सन्दर्भ में उच्च शिक्षा में पहुॅंच एवं समता हेतु भौगोलिक संकेतक अपेक्षाकृत अधिक उपयोगी समझे गये हैं। इस दृष्टि से उत्तराखण्ड में सम्प्रति उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले महाविद्यालयों की संख्या प्रति हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में 2.11 हो गयी है, जबकि राज्य गठन के समय यह संख्या मात्र 0.64 थी। स्पष्ट है कि उच्च शिक्षा में पहुॅंच एवं समता (Access & Equity) को सुविधाजनक रूप में बढ़ाने का लक्ष्य राज्य में महत्वपूर्ण रूप में प्राप्त किया गया है।

तालिका संख्या – 01
उत्तराखण्ड में महाविद्यालयों का जनपदवार वितरण

नाम	शासकीय	अशासकीय			वि0वि0	महायोग
		अनु0	अनानु0	योग	परिसर	
कुमॉयू मण्डल						
नैनीताल	**5**	-	1	**1**	1	**7**
बागेश्वर	**4**	-	-			**4**
अल्मोड़ा	**9**	1	-	**1**	1	**11**
पिथौरागढ़	**6**	-	-			**6**
चम्पावत	**3**	-	-			**3**
उधमसिंह नगर	**4**	1	6	**7**		**11**
योग कुमाऊँ मण्डल	**31**	**2**	**7**	**9**	**2**	**42**
गढ़वाल मण्डल						
पौड़ी गढ़वाल	**9**	-	2	**2**	2	**13**
चमोली	**7**	-	-	**-**	-	**7**
रूद्रप्रयाग	**4**	-	-	**-**	-	**4**
उत्तरकाशी	**4**	-	-	**-**	-	**4**
टिहरी गढ़वाल	**9**	1	-	**1**	1	**11**
देहरादून	**5**	6	4	**11**	-	**16**
हरिद्वार	**1**	7	8	**15**	-	**16**
योग गढ़वाल मण्डल	**39**	**14**	**15**	**29**	**3**	**71**
योग उत्तराखण्ड	**70**	**16**	**22**	**38**	**5**	**113**

राजकीय महाविद्यालयों में भूमि व भवन की स्थिति

(अ) <u>भूमि व भवन की प्रास्थिति</u>

(i) राजकीय महाविद्यालय जिनके पास भवन उपलब्ध हैं 36
(ii) राजकीय महाविद्यालय जिनके पास भूमि है परन्तु भवन नहीं हैं 13
(iii) राजकीय महाविद्यालय जिनके पास भूमि व भवन नहीं है 13
(iv) निर्माणाधीन राजकीय महाविद्यालय 06
(v) भवन निर्मित लेकिन हस्तगत नहीं हुए हैं 02

(ब) छात्र संख्या के आधार पर भवन विहीन महाविद्यालयों की स्थिति

छात्र संख्या	रा0 महावि0 जिनके पास भूमि है लेकिन भवन नहीं है।	रा0 महावि0 जिनके पास भूमि व भवन नहीं है।
100 से कम	3 (काण्डा, गुरुड़बांज, चकराता)	4 (मजरा महादेव, रुद्रप्रयाग, गुप्तकाशी, थत्युड)
101 से 200	4 (दोषापानी, रिखणीखाल, त्यूनी, नैनबाग)	4 (कोटाबाग, कपकोट, गरुड़, नरेन्द्र नगर)
201 से 300	2 (सोमेश्वर, भिक्सियासैंण)	1 (सतपुली)

301 से 400	—	1 (मुन्सयारी)
401 से 500	1 (बलुवाकोट)	1 (चिन्यालीसौंण)
501 से 600	1 (चौखुटिया)	1 (गंगोलीहाट)
601 से 700	1 (टनकपुर)	—
701 से 800	1 (बड़कोट)	1 (लक्सर)
योग	13	13

छात्र संख्या के आधार पर राजकीय महाविद्यालयों की स्थिति

विद्यार्थियों की संख्या	**महाविद्यालयों की संख्या**	**प्रति महाविद्यालय में विद्यार्थियों की औसत संख्या**
0—100	8 (11%)	46
101—500	30 (43%)	215
501—1000	13 (19%)	683
1001—2000	5 (7%)	1382
2001 से अधिक	14 (20%)	5071
कुल योग	70 (100%)	1338

तालिका संख्या – 02
शासकीय व अनुदानित महाविद्यालयों का भौगोलिक क्षेत्रवार वितरण*

क्षेत्र / महाविद्यालय	शासकीय	अनुदानित
	पर्वतीय क्षेत्र	
स्नातक महाविद्यालय	**46**	**2**
स्नातकोत्तर महाविद्यालय	**9**	**-**
विधि महाविद्यालय	**1**	**-**
योग पर्वतीय क्षेत्र	**56**	**2**
	मैदानी क्षेत्र	
स्नातक महाविद्यालय	**7**	**6**
स्नातकोत्तर महाविद्यालय	**7**	**8**
योग मैदानी क्षेत्र	**14**	**14**
	सम्पूर्ण उत्तराखण्ड	
स्नातक महाविद्यालय	**53**	**8**
स्नातकोत्तर महाविद्यालय	**16**	**8**
विधि महाविद्यालय	**1**	**-**
महायोग	**70**	**16**

*** विश्वविद्यालयों के परिसरों को छोड़कर।**

सुदृढ़ीकरण एवं अवस्थापना विकास :

महाविद्यालयों के संख्यात्मक विकास के साथ–साथ उनके विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण को भी राज्य गठन के पश्चात उच्च प्राथमिकता दी गयी है जिसके अन्तर्गत प्रयोगशाला, उपकरणों, पुस्तकालयों का रखरखाव पुस्तकों एवं फर्नीचर आदि के क्रय हेतु अनुदान उपलब्ध कराया जाना सम्मिलित है। शासकीय महाविद्यालयों के मात्रात्मक विस्तार से इनके सुदृढ़ीकरण एवं गुणवत्ता उन्नयन हेतु प्राप्त बजट पर अतिरिक्त दबाव उत्पन्न हुआ है। अधिकांश शासकीय महाविद्यालयों में संकायों एवं विषयों की संख्या कम होने से सीमित विषयों में ही अध्ययन की सुविधा उपलब्ध हो पायी है। इसी प्रकार स्नातकोत्तर कक्षायें केवल 16 महाविद्यालयों में संचालित हो रही हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा के गुणवत्ता संरक्षण एवं संवर्द्धन के क्षेत्र में कार्यरत यू0जी0सी0 एवं नैक जैसी संस्थायें महाविद्यालयों में निरन्तर पाठ्यक्रम एवं विषयों के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने पर जोर देती रही हैं। साथ ही नवस्थापित महाविद्यालयों में प्रयोगशालाओं एवं पुस्तकालयो, छात्रावासों तथा क्रीड़ा एवं अन्य शिक्षणेत्तर गतिविधियों के आयोजनार्थ अवस्थापना सुविधाओं की समुचित व्यवस्था भी अपरिहार्य है। इस दृष्टि से भी स्थापित महाविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण की योजना हेतु उच्चतर परिव्यय का औचित्य सिद्व होता है। डाकपत्थर, स्याल्दे, मानिला, जयहरीखाल, नई टिहरी, कर्णप्रयाग, डाकपत्थर, नारायणनगर 08 महाविद्यालयों का स्नातकोत्तर स्तर पर उच्चीकरण का प्रस्ताव शासन में गतिमान है।

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन :

उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप महाविद्यालयों में परम्परागत विषयों के साथ–साथ इकोटूरिज्म, फार्मेसी, नर्सरी टैक्नोलॉजी एण्ड ऑरचर्ड मैनेजमेंट, इन्टीरियर एण्ड एक्सटीरियर डेकोरेशन, फिश टैक्नोलॉजी, जर्नलिज्म एण्ड मॉस कम्यूनिकेशन, पर्यटन एवं यात्रा प्रबन्धन, एडवरटाइजिंग आदि में 06 माह की अवधि का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम तथा एक वर्षीय डिप्लोमा के रोजगारपरक/व्यावसायिक रोजगार परक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये गये हैं। साथ ही 10 शासकीय महाविद्यालयों – रूद्रपुर, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, कोटद्वार, काशीपुर, गोपेश्वर, रानीखेत, रामनगर, हल्द्वानी तथा ऋषिकेश में वानिकी एवं वन्य जन्तु प्रबन्धन, पर्यटन एवं यात्रा प्रबन्धन, एडवरटाईजिंग, सेल्स प्रमोशन एण्ड सेल्स मैंनेजमेंन्ट, फिशरीज, फौरेस्टरी एवं वाइल्ड लाईफ मैंनेजमेंन्ट, बायोलॉजिकल टैक्नीक्स एवं स्पेसिमैंन प्रिप्रेशन, मृदा संरक्षण एवं जलागम प्रबन्धन, बायोटैक्नोलॉजी, औद्योगिक रसायन, ऑफिस मैंनेजमेंन्ट एण्ड सेक्रेट्रियल प्रैक्टिस, फौरेन ट्रेड प्रैक्टिस एण्ड प्रोसीजर एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन आदि व्यावसायिक पाठ्यक्रम यू0जी0सी0 के माध्यम से संचालित किये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 10 शासकीय महाविद्यालयों में एवं 02 अशासकीय महाविद्यालयों में इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से अनेक स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। वर्तमान में 16 राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित है।

पारंपरिक तथा खुली एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के एकीकरण की कनवर्जेंस योजना।

उच्च शिक्षा को समाज के वंचित वर्गो तक पहुंचाने तथा साथ ही इसकी गुणवत्ता के संवर्द्धन के उददेश्य से दूरस्थ शिक्षा प्रणाली की शीर्षस्थ नियामक संस्था दूरस्थ शिक्षा परिषद (डिस्टेन्स एजूकेशन काउन्सिल) नई दिल्ली के निर्देशन में प्रारम्भ की गई इस योजना में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) तथा पारंपरिक शिक्षण संस्थानों की परस्पर सहभागिता से इग्नू के गुणवत्तापूर्ण पाठ्यक्रमों को जन–जन तक सुलभ कराया जा रहा है। इस योजना से इग्नू के द्वारा उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण पाठ्यसामग्री, उच्च शिक्षण में सैटेलाइट एवं ऑन लाइन एजूकेशन जैसी नवीनतम तकनीकी के प्रयोग तथा पारंपरिक उच्च शिक्षण प्रणाली के अन्तर्गत शिक्षक–विद्यार्थी के मध्य प्रत्यक्ष अन्तर्क्रियात्मक विधि इत्यादि को एक साथ लाया जा सकेगा, जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के तीन महत्वपूर्ण उददेश्यों– पहॅुच, (Access) समता (Equity) तथा गुणवत्ता (Quality) की प्राप्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

इस योजना के प्रारंभिक वर्ष में दूरस्थ शिक्षा परिषद द्वारा संबंधित महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान को रू0– 4 लाख का अनावर्तक अनुदान तथा पहले तीन वर्ष तक रू0–3 लाख का आवर्तक अनुदान उपलब्ध कराया जाना प्रावधानित है। सहभागी संस्थान को विभिन्न उपलब्ध माडलों के अन्तर्गत कार्यक्रम शुल्क का एक निश्चित भाग अपनी आय के रूप में कार्यक्रमों के संचालन हेतु प्रयोग में लाये जाने की भी व्यवस्था है।

इस योजना में यू0जी0सी0 की धारा 2 (एफ) अथवा धारा (3) के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त समस्त विश्वविद्यालयों , मान्यता प्राप्त पेशेवर संस्थानों तथा स्थापित शैक्षणिक ट्रैक रिकार्ड वाले संबद्ध महाविद्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थानों को सम्मिलित किया जा रहा है। अखिल भारतीय स्तर पर सम्मिलित किए गये 185 संस्थानों में से उत्तराखण्ड राज्य के आच्छादित संस्थानों का विवरण अग्रांकित तालिका में प्रदर्शित है।

तालिका संख्या – 03

दूरस्थ शिक्षा परिषद् नई दिल्ली की 'कन्वर्जेंस' (Convergence) योजना के अन्तर्गत आच्छादित उत्तराखण्ड के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय–

क्रम सं0	महाविद्यालय का नाम	शासकीय/ अशासकीय	प्रारम्भ का वर्ष
1	राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिथौरागढ़	शासकीय	2009
2	राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट (चम्पावत)	शासकीय	2009
3	राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बागेश्वर	शासकीय	2009
4	राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर (नैनीताल)	शासकीय	2009
5	राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर (उधमसिंह नगर)	शासकीय	2009
6	राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी	शासकीय	2009
7	राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर (चमोली)	शासकीय	2009
8	राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरिखाल (पौड़ी)	शासकीय	2009
9	राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर	शासकीय	2009
10	डी0ए0बी0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय देहरादून	अशासकीय	2008
11	एम0के0पी0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय देहरादून	अशासकीय	2008
12	राजकीय महिला महाविद्यालय हल्द्वानी	शासकीय	2009

आदर्श महाविद्यालयों की स्थापना :

प्रत्येक जनपद में एक महाविद्यालय को आदर्श महाविद्यालय के रूप में विकसित किये जाने की योजना के अन्तर्गत अब तक 13 महाविद्यालय आदर्श महाविद्यालय के रूप में विकसित किये गये है। आदर्श महाविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को समयानुकूल बनाने तथा महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयोगशाला एवं शिक्षण कक्षों का निर्माण, जिम्नेजियम एवं छात्रावास व्यवस्था, आधुनिकतम प्रयोगशाला उपकरणों, पुस्तकों एवं फर्नीचर का क्रय तथा एक–एक डिग्री स्तरीय रोजगारपरक पाठ्यक्रम–औद्यानिकी, बायोटेक्नॉलोजी, मेडिकल लैब टेक्नॉलोजी, बी0बी0ए0 इत्यादि प्रारम्भ किये गये हैं।

तालिका संख्या –04

राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अद्यतन स्वीकृत/रिक्त पदों की स्थिति (जनवरी, 2013 तक)

	कुल स्वीकृत पद	कार्यरत	रिक्त पद
प्राचार्य स्नातक/स्नातकोत्तर	70	56	14
शिक्षक	1366	511	855
शिक्षणेत्तर कर्मचारी	1404	668	736

नोट–*शिक्षकों के रिक्त पदों पर अल्पकालिक वैकल्पिक व्यवस्था के अन्तर्गत 535 संविदा शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है।*

उच्च शिक्षा में सूचना एवं कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी का समावेश–

- शिखर परियोजना के अन्तर्गत 500 से अधिक छात्र संख्या वाले महाविद्यालयों में शिक्षा प्रदाताओं द्वारा एवं 500 से कम छात्र संख्या वाले महाविद्यालयों में शासन द्वारा कम्प्यूटर प्रयोगशालायें स्थापित की गई है। इस योजना के अन्तर्गत 33 शासकीय एवं 04 अशासकीय महाविद्यालयों में कम्प्यूटर प्रयोगशालायें स्थापित की गयी। वर्तमान में 14 शासकीय एवं 14 अशासकीय महाविद्यालयों में शिखर परियोजना संचालित हो रही हैं।
- राजकीय महाविद्यालय उत्तकाशी और पिथौरागढ़ में सिस्को एकेडमी स्थापित की गयी है, तथा उत्तरकाशी में सी0सी0एन0ए0 पाठ्यक्रम संचालित हो गया है।

शोध एवं विकास :

राजकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों को शोध कार्यों में प्रोत्साहित करने, शोध कार्यों के प्रकाशन और शोध में रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से एकेडेमिका (उच्च शिक्षा उन्नयन एवं शोध विकास समिति) की स्थापना की गयी है जिसका द्वितीय अधिवेशन 2005–06 में ऋषिकेश में आयोजित हुआ जिसमें प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। इससे पूर्व एकेडेमिका का अधिवेशन "Transition to knowledge society: opportunities and challenges" विषय पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिथौरागढ़ में मार्च 15 एवं 16 2009 को आयोजित किया गया। एकेडेमिका का तृतीय अधिवेशन 14, 15, एवं 16 मार्च, 2012 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में आयोजित किया गया, जिसके लिए USAC व UGC द्वारा अनुदान स्वीकृत है। 16 महाविद्यालयों में वर्ष 2009–10 में कला विज्ञान व वाणिज्य संकायों में क्रमशः 132, 54, व 23 विद्यार्थी (100 पुरूष एवं 109 महिलाऐं) पी–एच0डी0 के लिए पंजीकृत थे। वर्ष 2010–11 में पंजीकृत शोधार्थियों की संख्या 215 हो गयी। शासकीय महाविद्यालयों में स्थापना से 2009–10 तक कुल 462 विद्यार्थियों ने पी–एच0डी0 उपाधि प्राप्त की है। वर्ष 2007–08 में शासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिकाओं में 220 शोध पत्रों के प्रकाशन के साथ–साथ कार्यशालाओं व गोष्ठियों में 290 शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। संप्रति प्रदेश के 16 शासकीय महाविद्यालयों में 61 शोध परियोजनाऐं भी संचालित हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 2008–09 में 03 तथा 2010–11 में 02 नैक कार्यशालाऐं आयोजित हुई।

विभिन्न महाविद्यालयों में आयोजित राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय सेमिनारों का विवरण

क्र0 संख्या	सेमिनार का नाम	आयोजन तिथि	राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय–विभाग	आयोजक महाविद्यालय
1	Gender and development in India	12-13 Mar 2011	(National Political Science)	D.A.V. PG College Dehradun
2	Environmental Management & Bio-diversity-	26-27 Feb 2011	National AESA & MANU Society	PG College Rishikesh
3	State of Uttarakhand : Development & Governance	07-08 Mar, 2011	National (Political Science)	PG College Ranikhet
4	Protection & Enforcement of IPR in a knowledge Economy : Opportunities and challenges	05-06 Mar, 2011	National (Commerce)	PG College Pithoragarh
5	Role of Science & Technology in Development of Uttarakhand State	24-25 Sept 2010	State (Physics)	PG College Bageshwar
6	Dalit literature-Past trends and Present concerns	04-05 Oct 2010	National (English)	Degree College Jaiharikhal
7	Strategic Significance of the Himalayan Region in the context of Indian Security	07-09 June 2010	National (Military) Science	PG College Pithoragarh
8	Land and Environmental Degradation in the Hills of Uttarakhand	05-07 June 2010	National (Geology)	PG College Pithoragarh

गुणवत्ता सुनिश्चयीकरण एवं संवर्धन :

राज्य गठन के पश्चात गुणवत्ता सुनिश्चयीकरण हेतु महाविद्यालयों को नैक के द्वारा मूल्यांकन एवं प्रत्यायन कराने का कार्य भी तीव्र गति से आरम्भ हुआ है जिसके अन्तर्गत प्रत्येक महाविद्यालय जो यू0जी0सी0 की धारा–2(एफ)एवं 12 बी द्वारा प्रमाणित है, में नैक स्टीयरिंग कमेटी की स्थापना की गयी है तथा मूल्यांकित महाविद्यालयों में आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयीकरण प्रकोष्ठ (IQAC) की स्थापना हुई है। अब तक 19 शासकीय एवं 09 अशासकीय महाविद्यालयों का राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा मूल्यांकन किया जा चुका है। 10 शासकीय तथा 05 अशासकीय महाविद्यालयों का मूल्यांकन नैक से कराया जाना प्रस्तावित है। महाविद्यालयों में इसके लिए आवश्यक चेतना उत्पन्न करने के उद्देश्य से अब तक निदेशालय स्तर पर स्थापित राज्य गुणवत्ता सुनिश्चयीकरण प्रकोष्ठ द्वारा 07 कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है।

तालिका संख्या–05

उत्तराखण्ड के शासकीय/अनुदानित महाविद्यालयों में मूल्यांकन एवं प्रत्यायन की प्रगति

विवरण	शासकीय	अनुदानित	योग
महाविद्यालयों की कुल संख्या	70	16	86
यू0जी0सी0 2 (एफ) एवं 12 (बी0) से मान्यता प्राप्त महाविद्यालय	36	14	50
नैक से प्रत्यायनित महाविद्यालय	19	10	29
यू0जी0सी0 से मान्यता प्राप्त महाविद्यालय जिनके प्रत्यायन की प्रक्रिया गतिमान है	10	04	14

वर्ष 2008–09 से 2011–12 तक राज्य स्तरीय गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ द्वारा निम्नांकित सेमिनार/वर्कशापों एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया :

- 16 जुलाई 2008 को निदेशालय में महाविद्यालय के प्राचार्यों की एक जागरूकता बैठक का आयोजन जिसमें 32 महाविद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बंगलौर के प्रभारी निदेशक प्रो0 रविचन्द्रन रैड्डी तथा उप–सलाहकार बी0एस0 मधुकर द्वारा स्वयं प्रतिभागियों को मूल्यांकन एवं प्रत्यायन की नवीन विधि की जानकारी प्रदान की गयी।
- 17–18 अक्टूबर, 2008 को निदेशालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके प्रथम दिवस में प्रदेश के गैर –प्रत्यायनित महाविद्यालयों तथा दूसरे दिन प्रत्यायनित महाविद्यालयों के प्राचार्यों /नैक प्रभारियों के द्वारा अपने–अपने महाविद्यालयों में प्रत्यायन /पुनः प्रत्यायन के सम्बन्ध में हुई प्रगति तथा विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। कार्यशाला का उद्घाटन पूर्व निदेशक प्रो0 पी0सी0 बाराकोटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्य गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ द्वारा प्रकाशित वार्षिक न्यूज लैटर ''क्वालिटी'' का विमोचन भी किया गया।
- 30 दिसम्बर, 2008 को निदेशालय तथा बी0एस0एम0 अशासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रूड़की हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में रूड़की में गढ़वाल मंडल के महाविद्यालयों की एक दिवसीय संगोष्ठी /कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें गढ़वाल विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो0 राणा, उपनिदेशक प्रो0 एस0सी0 साह, सहायक निदेशक डा0 एल0डी0 पलरिया तथा नैक प्रभारी डा0 सी0डी0 सूंठा ने भी प्रतिभागिता की । इस संगोष्ठी में आयोजक महाविद्यालय की स्व–मूल्यांकन रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण भी किया गया तथा मूल्यांकन की नवीन विधि पर प्रस्तुतीकरण प्रदर्शित किये गये।
- राज्य गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अब तक मार्च, 2009 तथा सितम्बर, 2009 में न्यूज लैटर के 02 अंको का प्रकाशन किया जा चुका है। वर्ष 2010–11 में एक आई0क्यू0ए0सी0 सेमीनार का आयोजन बी0एस0एम0 पी0जी0 कालेज रूड़की में किया गया।

प्रशासन एवं प्रबन्धः

प्रदेश के महाविद्यालयों के विकास एवं उन पर प्रभावी नियन्त्रण रखने के उद्देश्य से प्रदेश में उच्च शिक्षा निदेशालय की स्थापना वर्ष 2001 में की गयी थी। प्रदेश के अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से सम्बन्धित वित्तीय कार्यों के सम्पादन हेतु एवं उन पर प्रभावी नियन्त्रण रखने तथा उच्च शिक्षा निदेशालय का शासन से समन्वय रखने के उद्देश्य से देहरादून में निदेशक, उच्च शिक्षा के शिविर कार्यालय की स्थापना की गयी है, जिसका संचालन सम्प्रति उपनिदेशक द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। उच्च शिक्षा निदेशालय के दायित्व एवं कर्तब्य परिशिष्ट संख्या – 01 में प्रदर्शित हैं। सम्प्रति निदेशालय में नवीन स्वीकृत ढ़ॉचे के पश्चात् अब 65 स्वीकृत पद हो गये हैं।

शासकीय महाविद्यालयों में सृजित पदों की वार्षिक प्रवृत्तियां :

राज्य गठन के पश्चात महाविद्यालयों की संख्या में वृद्धि तथा स्थापित महाविद्यालयों में नये संकायों एवं विषयों के खोले जाने से पदों के सृजन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। *तालिका सं0–06* से स्पष्ट है कि 2001–2006 की अवधि में कुल पदों में 668 पदों की वृद्धि हुई जिसमें सर्वाधिक वृद्धि 2003–04 में तथा इसके पश्चात 2006–07 में हुई है।

तालिका संख्या – 06

उच्च शिक्षा विभाग से सम्बन्धित राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों /कर्मचारियों के विगत वर्षो में पदों की संख्या (2001–2013)

वर्ष	राजपत्रित	अराजपत्रित	योग	पूर्व वर्ष के सापेक्ष % वृद्धि
2001–2002	918	795	1713	–
2002–2003	926	808	1734	1.23
2003–2004	1032	932	1964	13.26
2004–2005	1102	996	2098	6.82
2005–2006	1135	1023	2158	2.85
2006–2007	1282	1099	2381	10.33
2007–2008	1282	1099	2381	–
2008–09	1321	1164	2485	1.01
2009–10	1358	1227	2585	4.02
2010–2011	1447	1327	2774	4.89
2011–2012	1452	1453	2905	4.72
2012–2013 जनवरी 2013	1452	1453	2905	–

उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड का प्रशासनिक ढ़ांचा

निदेशक
(01)

संयुक्त निदेशक
(01)

वित्त नियंत्रक(01)	उप निदेशक (02)	उप निदेशक(शिविर)(01)
लेखाधिकारी(01)	सहायक निदेशक (03)	सहायक निदेशक (01)
लेखाकार (01)	वैयक्तिक सहायक (01)	प्रवर सहायक(01)
सहायक लेखाकार(01)	वरि0 प्रशासनिक अधिकारी (01)	आशुलिपिक(01)
लेखापरीक्षक(02)	प्रशासनिक अधिकारी (06)	कनिष्ठ सहायक/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर(02)
	मुख्य सहायक (06)	वाहन चालक(01)
	अन्वेषक कम संगणक/डाटा ऑपरेटर (02)	परिचारक(02)
	प्रवर सहायक (08)	
	स्टैनों/सहायक कम्प्यूटर परिचालक(03)	
	कनिष्ठ सहायक/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर(03)	
	वाहन चालक (03)	
	परिचारक (10)	

तालिका संख्या – 07

शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पदो का विवरण

स्वीकृत पद	2008–09 जनवरी, 2009	2009–10 जनवरी, 2010	2010–11 जनवरी, 2011	2011–12 जनवरी, 2012	2012–13 जनवरी, 2013
पुस्तकालयाध्यक्ष	25	25	25	25	25
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	–	–	–	04	04
प्रशासनिक अधिकारी	–	–	–	39	39
मुख्य सहायक	–	–	–	40	40
प्रवर सहायक	28	30	32	67	67
कार्यालय अधीक्षक	25	25	25	–	–
कनिष्ठ सहायक	147	152	169	106	106
सहायक लेखाकार	06	06	06	06	06
प्रयोगशाला सहायक	199	214	256	273	273
आर्टिस्ट	02	02	02	02	02
तबलाबादक	09	09	09	09	09
सहा0 पुस्तकालयाध्यक्ष	09	12	19	33	33
कैटलागर	02	02	02	02	02
आशुलिपिक	22	22	22	22	22
तकनीशियन	02	02	02	02	02
इलेक्ट्रीशियन / मैकेनिक	15	17	18	18	18
टैक्नीशियन फोटोग्राफी	–	–	01	01	01
कम्प्यूटर आपरेटर	–	–	01	01	01
टूर एंड ट्रेनिंग असिसटेंट	–	–	01	01	01
दफ्तरी	24	24	24	–	–
चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	549	577	656	753	753
कुल योग	**1064**	**1119**	**1270**	**1404**	**1404**

कार्मिक प्रशिक्षण :

- कार्मिक प्रशिक्षण उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस योजना के अन्तर्गत प्राचायों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिये विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। वर्ष 2008–09 में प्रशिक्षण कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालयों से एक प्राचार्य तथा ।एक प्राध्यापक के द्वारा राष्ट्रीय योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में लोक नीति निर्माण एवं प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी में भी 05 प्राध्यापकों ने बौद्धिक सम्पदा अधिकारों पर आयोजित कार्यशाला में तथा एक प्राध्यापक ने ई–गर्बनेंस में प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। 48 महाविद्यालयों के लेखाकारों /तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को विभाग द्वारा लेखा एवं वित्तीय प्रबन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। वर्ष 2007–08 में 141 प्रवक्ताओं ने यू0जी0सी0 अभिविन्यास एवं पुनश्चर्या प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लिया। वर्ष 2009–10 में 01 अधिकारी को

